श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
07.05.2024
वैशाख कृष्णपक्ष चतुर्दशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 251

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:16 बजे
अस्त - 06:28 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बु





## सुविचार

दुनिया में जितना प्यार और इज्जत एक गरीब के घर से मिलता है, वह अमीर के घर से नहीं मिलता, क्योंकि अमीरों के घर पर सब कुछ पैसों से नापातोला जाता है।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रधानमंत्री मोदी अब 11 मई को आएंगे झारखंड



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे लेकिन अब वे 11 मई को ही आएंगे। वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### तेजस्वी यादव पलामू में आठ को करेंगे सभा



**रांची।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में भवनाथपुर और छतरपुर सहित कई अन्य चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। यह जानकारी राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने सोमवार को दी।

**कार्रवाई** गिरफ्तार इंजी. वीरेन्द्र राम के मामले में छापामारी

# मंत्री आलम के निजी सचिव के नौकर के घर मिले 25 करोड़

### ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है : आलमगीर आलम





**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सोमवार को राज्य की राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। छापेमारी में राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से अब तक 25 करोड़ रुपये मिले हैं। अभी नोटों की गिनती चल रही है। बैंकों के अधिकारी बरामद रुपये की गिनती कर रहे हैं। इस कार्य में कई मशीनें लगी हैं। कुल 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया है।

इसके अलावा ईडी की छापेमारी में पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से पांच करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के करीबी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि यह रुपये मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल के हैं।

बताया जा रहा है कि ईडी की यह छापेमारी गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में हुई है। ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी, 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

इधर, संजीव लाल के ठिकाने से 25 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि टीवी में आप लोग जो देख रहे हैं, हम भी वही देख रहे हैं। ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जायेगा। अभी कुछ टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संजीव उनका विभागीय पीएस है और वो सरकारी मुलाजिम है। हमलोग जो पीएस को रखते हैं, उसका अनुभवी देखकर ही रखते हैं। इससे पहले संजीव दो-दो मंत्रियों का निजी सचिव रह चुका है।

### इन स्थानों पर हुई छापेमारी

-मेन रोड के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के घर।

-गाड़ीखाना चौक स्थित संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के सैयद रेजीडेंसी स्थित घर।

-दीनदयाल नगर स्थित आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर।

-सेल सिटी स्थित पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर।

-बाड़ेया रोड स्थित चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के घर।

-आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कांके रोड स्थित घर।

## नये लुक में दिखे हेमंत सोरेन, पहुंचे नेमरा





**रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ आज पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नए लुक में दिखे। उनकी पकी हुई दाढ़ी और बढ़ी हुई मुंछे दिशोम गुरु शिबू सोरेन वाला लुक दे रहा था। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें मीडिया के साथ बात करने से मना किया है लेकिन उनके चेहरे का हाव-भाव देखकर लोग यह अंदाजा लगा रहे थे कि उनका आत्मविश्वास अभी भी बरकरार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हेमंत सोरेन के हैंडल से कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं। इन तस्वीरों में भी वे पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। साथ ही यह भी दिख रहा है कि उनकी मां उन्हें दुलार कर रही हैं। पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी हैं। एक शायरी भी साझा की गई है, जिसमें लिखा है 'उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीं है कि ये आसमान कुछ कम है।' इन पंक्तियों का आशय साफ है कि हेमंत सोरेन एक बड़ी लड़ाई के लिए तैयार हैं।

## मतदान के मद्देनजर झारखंड हाई कोर्ट में 25 मई को अवकाश



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान है। इसके मद्देनजर 25 मई को झारखंड हाई कोर्ट में अवकाश रहेगा। हाई कोर्ट ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 25 अप्रैल को रांची में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसलिए हाई कोर्ट में अवकाश घोषित किया गया है। वोटिंग के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है ताकि हाई कोर्ट के जस्टिस, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और अधिवक्ता मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हो। घोषित अवकाश की जानकारी हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दे दी गयी है।

## कोडरमा में 15 व गाण्डेय में 11 प्रत्याशी



**गिरिडीह।** कोडरमा संसदीय सीट पर 20 मई को होने वाले चुनाव में नाम वापसी कीअंतिम तिथि सोमवार को समाप्त होने के बाद कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे है। इसमें भाजपा से अन्नपूर्णा देवी , भाकपा माले से विनोद कुमार सिंह , बसपा से कैदार रविदास व अन्य शामिल है। इसी प्रकार 20 मई को ही गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव में हैं। इनमें झामुमो की कल्पना मुर्मू सोरेन, भाजपा के दिलीप वर्मा सहित अन्य है। यह जानकारी सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा एव गाण्डेय विस के निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी ने आयोजित प्रेस वार्ता में दी । उपाउक्त ने कहा कि दोनों सीटों पर 20 मई को शांतिपूर्णा माहौल में मतदान के लिए सभी तैयरिया की जा रही है।

**जनता में अभी तक परवान नहीं चढ़ पाया चुनाव प्रचार का रंग**

# मतदाता खामोश, उम्मीदवार परेशान




**खूंटी।** अजजा के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लिए मतदान होने में महज एक सप्ताह रह गया है, पर चुनाव प्रचार ने अभी तक परवान नहीं चढ़ पाया है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक जोर दिया जा रहा है। छोटी-छोटी सभाओं और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से मतदाताओं को रिझाने के प्रयास किये जा रहै हैं, पर मतदाताओं की खामोशी से उम्मीदवारों के साथ ही कार्यकर्ताओं के पसीने छूट रहे हैं। खूंटी संसदीय क्षेत्र से भाजपा, कांग्रेस, झारखंड पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशियों के अलावा दो निर्दलीय सहित सात सम्मीदवार लोकसभा पहुंचने के लिए भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग की कड़ाई के कारण चुनावी भोंपू का शोर भी कम सुनाई पड़ रहा है। चुनाव खर्च की अधिकतम राशि निर्धारित कर दिये जाने के कारण राजनीतिक दल भी चुनावी सभाओं, बड़े विज्ञापनों प्रचार वाहनों के बदले घर-घर जाकर मतदातेओ को अपने पक्ष में करने के लिए दिन-रात एक किये हुए हैं। हर उम्मीदवार अपनी जीत का दावा करर रहा है। कांग्रेस नेता अरूण सांगा दावा करते हैं कि इस बार कांग्रेस खूंटी सीट से एक लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल करेगी, वहीं भाजपा नेता अरूण साबू ने कहा कि कितना ही कम हों, पर 50 हजार कें मतों से अर्जुन मुंडा जीत हासिल करेंगे। उम्मीदवारों और समर्थकों द्वारा लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कियें जाने के बावजूद मतदाता अपनी खामोशी तोड़ने को तैयार नहीं हैं। हर घर से उम्मीदवारों को लगभग यही आश्वासन मिल रहा है, चिंता क्यों कर रहे हैं, हम तो आपके साथ हैं ही। कालीचरण मुंडा का राजनीतिक भविष्य दांव पर भाजपा का गढ़ समझे जाने वालें खूंटी संसदीय क्षेत्र में एक ओर जहां भाजपा के समक्ष किला बचाने की चुनौती है, तो कांग्रेस के समक्ष लगातार हार का कलंक धोने की।

## हादसे में चालक-खलासी की मौत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब कला गांव में डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 फोरलेन पर सोमवार दोपहर खड़े हाइवा में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रक के चालक और सह चालक की मौत हो गयी। इस घटना में ट्रक पर सवार एक फल व्यापारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे हरिहरगंज सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। ट्रक और हाइवा के बीच फंसे शवों को गैस कटर से काटकर निकाला गया। बताया जाता है कि महाराष्ट्र के नासिक से अंगूर लेकर एक ट्रक डालटनगंज की ओर से हरिहरगंज की ओर जा रहा था। हरिहरगंज के ढाबकला कला गांव के पास पिछले 24 घंटे से खराब होकर एक हाइवा (बीआर 24एल 3996) एनएच के किनारे पर खड़ा था। इस बीच पीछे से आए ट्रक ने हाइवा में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ट्रक के चालक और खलासी दब गए जबकि फल व्यापारी महाराष्ट्र के वैभव लक्ष्मी सीटी के रहने वाले रौशन शर्मा (38) वाहन से नीचे गिर गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों एवं हरिहरगंज थाना पुलिस ने जख्मी फल व्यापारी को हरिहरगंज सीएचसी में भेजा। साथ ही जेसीबी और लोडर लगाकर वाहनों को हटाने की कोशिश की लेकिन शवों के फंसे होने के कारण तत्काल सफलता नहीं मिली। करीब साढे तीन से चार घंटे बाद गैस कटर से वाहन के हिस्से को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। इस दौरान एनएच पर एक तरफ का परिचालन बाधित रहा। हरिहरगंज के थाना प्रभारी चालक और सह चालक की पहचान करने में जुटे हुए हैं।

# तुलसीदामर में आग से जंगल का बहुत बड़ा हिस्सा जला, बड़ी संख्या में छोटे बड़े पेड़ पौधे जलकर स्वाहा



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले के उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत नगर ऊंटारी वन क्षेत्र के तुलसीदामर में आग से जंगल का बहुत बड़ा हिस्सा जल गया है। आग से बड़ी संख्या में छोटे बड़े पेड़ पौधे जल कर स्वाहा हो गये हैं। जानकारी के अनुसार नगर ऊंटारी-भवनाथपुर मेन रोड पर स्थित तुलसीदामर जंगल में विगत दिनों लगी आग से जंगल का बड़ा हिस्सा धू धू कर जल गया। बड़े छोटे हजारों पेड़ पौधे जलकर झुलस गये हैं। वन्य प्राणियों का जीवन संकट में है। वन्य प्राणी भागते दौड़ते फिर रहे हैं। वन विभाग के रेंजर प्रमोद कुमार की मानें तो जंगल में आग लगने की जानकारी मिलते ही आग को बुझाया गया। यहां बता दें कि वन विभाग की ओर पब्लिक मीटिंग में जंगल को आग से बचाने से संबंधित उपायों पर खूब चर्चा की जाती है। फिर भी पब्लिक की लापरवाही सामने आ जाती है। महुआ चुनने के लिये पत्तों को जलाने के साथ साथ बीड़ी और सिगरेट पीकर जंगल में फेंकने से लगी आग के कारण प्रतिवर्ष जंगल में बड़े पैमाने पर पेड़ पौधे जलकर स्वाहा हो जाते हैं। तुलसीदामर में जला खूबसूरत जंगल चीख चीखकर यह बता रहा है कि जंगल को आग से बचाने का उपाय मीटिंग में नहीं सिर्फ जंगल में उतरकर ही किया जा सकता है।

### क्या कहते हैं रेंजर

इस संबंध में पूछने पर रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि जंगल में आग लगने की जानकारी मिली थी जिसके बाद फौरन आग बुझाया गया। बैठक कर-के पब्लिक को कई बार समझाया गया परंतु लोग समझ ही नहीं रहे। आगे इस प्रकार से लोग करते पकड़े जाएंगे तो कड़ी कारवाई की जायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### मतदाता सूची में है नाम तो बगैर वोटर आईकार्ड भी कर सकेंगे मतदान

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहे हैं। इस पर्ची पर मतदान स्थल, मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है। ताकि 13 मई को मतदाताओं को बूथ पर जाने के बाद उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो। इधर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 मई को अनिवार्य रूप से मतदान की अपील करते हुये कहा कि किसी कारणवश अगर कोई मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, बैंक या डाकघर से जारी पासबुक (फोटो सहित), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड शामिल है। इनमें से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

**चुनाव** मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता

# रंगोली का जिला निर्वाचन पदा. ने किया निरीक्षण

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** स्वीप कोषांग गढ़वा की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये समाहरणालय परिसर में सोमवार को मतदाता जागरूकता सह नैतिक मतदान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, तेतरी चंद्रवंशी बीएड कॉलेज, इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज एवं एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी ने



मतदाता जागरूकता विषय पर आकर्षक, मनमोहक एवं संदेशात्मक रंगोली बनाई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाये गये रंगोली का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये रंगोली की सराहना की। ज्ञात हो कि सभी प्रतिभागियों ने पहले कॉलेज स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वहां से सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये आमंत्रित किया गया था। प्रतिभागियों द्वारा बनाये गये रंगोली का अंतिम निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सात मई को जिला स्तर पर डीसी के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुमार कुशवाहा, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह एवं नेहा नूतन लकड़ा उपस्थित थे।

## किड्स एथलेटिक्स डे पर प्रतियोगिता



**गढ़वा :** किड्स एथलेटिक्स डे पर गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में सात मई को स्थानीय रामासाहू स्टेडियम में शाम चार बजे से किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में किसी भी सरकारी और निजी विद्यालय के अंडर 12 और अंडर 14 वर्ग के छात्र-छात्रा भाग ले सकते हैं। अंडर 12 आयु वर्ग में जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2012 के बाद का हो तथा अंडर 14 आयु वर्ग जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2010 के बाद का हो वह प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्र ने बताया कि झारखंड एथलेटिक्स संघ और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार पूरे भारत में किड्स एथलेटिक्स डे पर किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। श्री मिश्र ने बताया कि अंडर 12 आयु वर्ग में 30 मी रेस, अंडर 14 आयु वर्ग में 60 मीटर रेस, शॉर्ट पुट, जेवलिन थ्रो का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र के साथ प्रतियोगिता स्थल पर आना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए अजय कांत मोबाइल नं. 7461906890 तथा रमाशंकर सिंह प्रशिक्षक एथलेटिक्स से संपर्क कर सकते हैं।

## गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने सोमवार को श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर बंशीधर जी से समस्त झारखंडवासियों के कल्याण की कामना की। पूजा अर्चना के बाद मंदिर में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया। मौके पर राजद नेता अभय कुमार पांडेय, झामुमो के



मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, रजनीकांत देव, बंगाली सिंह, योगेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## टेम्पो और बाईक की टक्कर में तीन घायल

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के अधौरा चार मुहान पर बरडीहा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही टेम्पो ने पृथ्वीपुर की ओर जा रहे बाईक में जोरदार टक्कर मारते हुये मेन रोड पर ही पलट गई। इस दुर्घटना में अपने ससुराल पृथ्वीपुर आ रहे बाईक सवार खरसोता गांव निवासी स्व बनारसी राम का पुत्र श्याम देव राम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टेम्पो सवार घुरुआ गांव निवासी शेख माजिद के 37 वर्षीय पुत्र शेख ईल्फाज एवं



अधौरा निवासी 60 वर्षीय सरजू राम सहित कई अन्य लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद घायलों को पंचायत के मुखिया महताब आलम एवं ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक डॉ विनोद कुमार सिंह एवं सहयोगी विकास कुमार, राकेश ठाकुर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुये डॉक्टर ने श्यामदेव राम एवं शेख अल्फाज को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक चंदन प्रधान दल बल के साथ पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों वाहनों को जब्त करते हुये थाना लाया गया।

## नपं के कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# शत प्रतिशत मतदान कराने का निर्देश

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर नगर पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को अपने-अपने वार्डो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने एवं अधिक से अधिक मतदान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की चुनाव में शत प्रतिशत



मतदान कराने का लक्ष्य है, ऐसे में जनप्रतिनिधि का दायित्व है की इस महान पर्व में बढ़चढ़ कर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नप क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता के लिये व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता जो घर से मतदान केंद्र में आने में असमर्थ हो उनके लिये वाहन से आने जाने की व्यवस्था की गई है। कार्यपालक पदाधिकारी ने उपस्थित सभी वार्डो के प्रतिनिधियों से अपने अपने वार्ड में प्रभात फेरी निकालने, चौपाल लगाने सहित अन्य कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान का फोटो अपलोड करने का भी निर्देश दिया। बैठक में आवास कोर्डिनेटर इरशाद आलम, हरिओम कुमार, हासिब खलीफा, रंजीत कुमार, आशीष कुमार नंदन, भारत कुमार, अमित कुमार पांडेय, वार्ड पार्षद राजकुमार, रंजन कुमार छोटू, शंभू राम, राजेश कुमार, कामेश पासवान, विजय ठाकुर, संदीप कुमार सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## आमलोगों की समस्याओं के निदान में सहयोग करेगा मानवाधिकार परिषद

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** शहर के सूदना में एल्युमिनियम फैक्ट्री के निकट भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय का उद्घाटन परिषद की अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। उस मौके पर अध्यक्ष संध्या देवी ने उपस्थित लोगों को मानवाधिकार से संबंधित कर्तव्यों एवं दायित्वों से अवगत कराते हुए इसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समाज के पीड़ित वैसे लोगों को जिन्हें न्याय नहीं मिल रहा हो या फिर विलंब हो रहा हो, उसमें यथोचित सहयोग उन्हें न्याय दिलाने



की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं जिन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है वैसे लोग कार्यालय में पहुंचकर अपनी समस्या बताएं, उन्हें हरसंभव सहयोग कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष ने जानकारी दी कि कार्यालय खोलने की जानकारी जिले के तमाम अधिकारियों को दे दी गयी है। सभी लोगों ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया है। उस मौके पर परिषद के जिला महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा कुमारी, सचिव चंचला कुमारी व सह सचिव किरण कुमारी एवं अविनाश कुमार राजा, जिला समन्वयक शीला कुजूर व संजीव कुजूर एवं सक्रिय सदस्य असतोरा देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।






# अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे : मीर



**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे। यहां के लोग बाहरी लोगों को बाहर भेजेंगे, जो बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी करते हैं, वे जल-जंगल-जमीन और सरना कोड की बात नहीं करते।

मीर सोमवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में इंडी गठबंधन के तत्वावधान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के बारे में बताया कि झारखंड के दर्द को समझने वाले को आपके सामने पेश किया गया है। परिवार के कारण नहीं बल्कि होनहार के कारण इन्हें लाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले फेज में 102 और दूसर फेज में 82 क्षेत्रों पर कुल 184 सीटों पर मतदान हुआ। मीडिया सर्वेक्षण में आया कि 184 सीटों में से 125 सीटें इंडी गठबंधन को जाती दिख रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मोदी तुम्हारी घंटी बज चुकी है। 2024 चुनाव के बाद लोगों को न्याय मिलेगा। भाजपा नेता कह रहे हैं कि 400 पार के बाद संविधान बदलना है। सूरत में 12 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध जीत दिला दिया गया। यशस्विनी सहाय ने कहा कि मैं झारखंड की बेटी हूं और खतियानी हूं। लोगों की परेशानी दूर करने की मंशा से ही मैंने कानून की पढ़ाई की और आज भी मैं आपकी सेवा करना चाहती हूं। राहुल गांधी के न्याय पत्र में महिलाओं, किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों की समस्याओं को दूर करने की बात कही गई है। 10 वर्ष राज करने के बाद भी केंद्र सरकार ने देश को बदतर स्थिति में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपकी शक्ति ही हमें आगे ले जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए लड़ाई तो लड़नी ही पड़ेगी। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वोट का अधिकार संविधान ने दिया है और आज उसी संविधान को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। आज बेरोजगारों की तादाद एक करोड़ से बढ़कर चार करोड़ हो गई है।

## संविधान और सीएनटी एक्ट बचाने के लिए है यह चुनाव : कालीचरण



**खूंटी।** जनजातियो के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में छोटी-छोटी सभाओं और बैठकों के माध्यम से जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विभिन्न बैठकों में कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और सीएनटी को बचाने के लिए है। उन्होंने तोरपा प्रखंड के सुंदारी, दियाकेल, कोरकोटोली, उकड़ीमाड़ी, टांटी, कसमार, भुसूर, कसमार, गोविंदपुर आदि क्षेत्रो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों से मिल रहे अपार स्नेह और आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हू। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है, उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। भाजपा की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 150 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी। नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगार बना दिया है। भाजपा ने दस वर्ष पहले युवाओं को रोजगार देने, महंगाई कम करने का वादा कर सरकार में आयी थी। लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस बार जनता लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण को बचाने के लिए हाथ छाप में बटन दबकर मतदान करे।

## राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है : बसंत कुमार लोंगा



**खूंटी।** खूंटी से लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को पिताय पाहन और प्रत्याशी द्वारा संयुक्त रूप से तोरपा के हिल चौक में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान करते हुए प्रत्याशी बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है, सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए किया जाता है और इस सत्ता संघर्ष में हम आदिवासियों एवं मूलवासियों का मुद्दा गौण हो जाता है। लोंगा ने कहा कि मैं झारखंडी सवालों को बल देने को लेकर इस आम चुनाव में खड़ा हुआ हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता को तय करना है कि झारखंडी सवाल निर्णायक होना चाहिए या सत्ता संघर्ष का हिस्सा बनना है। कार्यक्रम में मसीह गुड़िया, जुरसन गुड़िया, जीवन हेमरोम, सरोज टोपना, डेविड टोपनो, पेमजीत भेंगरा झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा, रतन सिंह मुंडा, मंगल देमता, नागई पाहन, मुण्डा उरांव, सुकरात होरो, आनन्दिनी होरो, हेलना बारला, ज्योति तिड़ू,मरियम तिड़ू, पुष्पा तिड़ू एवं ज्योति पूर्ती आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। झामुमो जो निष्कासित निष्कासित की बात पर उन्होंने कहा कि वह तो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं, तभी तो नामांकन किया।

# मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, सीबीआई जांच कराएं चम्पाई : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हों या राज्य सरकार सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। सोरेन यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था। वह सारे पत्र नोटों के बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान-सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है लेकिन पिछले चार वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है। प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है। खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती एक दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी।

### हर साख पे आलमगीर बैठा है, अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा : चुग



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची पहुंचे। तरुण चुग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है। अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकदी बरामद हो रहे हैं। तरुण ने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम–ए–झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। साथ ही कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है। जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इससे पूर्व अरुण ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्रों पलामू, सिंहभूम, खूंटी लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

## इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण : सुदेश



**रांची/गिरिडीह।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि एनडीए देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है। सुदेश कुमार महतो ने यह बात गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद बांधडीह हाई स्कूल मैदान में सोमवार को आयोजित जन आशीर्वाद नामांकन सभा में कही। उन्होंने कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। लोगों में वर्ष 2019 से अधिक उत्साह दिख रहा है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार बनेंगे। बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने के शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)